MR534

द्वारा फैक्स / क्यू–मैल

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

**पत्र संख्या:**डीजी–12–5 / 2019

**दिनांक**:लखनऊ:जुलाई 08,2019

सेवा में,

1–समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

2–समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनी,
उत्तर प्रदेश।

कृपया श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशिएशन की अध्यक्षता में दिनॉक 15.06.2019 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई थी।

2– निदेशानुसार उपरोक्त बैठक की कार्यवृत्त की प्रतियॉ संलग्नकर इस आशय से प्रेषित है कि कृपया कार्यवृत्त में दिये गये निर्देश / बिन्दुओ पर नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए अनुपालन आख्या 10 दिवस के अन्दर इस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोपरि।

( सुजीत पाण्डेय )
अपर पुलिस महानिदेशक एवं
पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः– निम्नॉकित को कार्यवृत्त की एक प्रति संलग्नक कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आप अपने से सम्बन्धित अनुपालन आख्या यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करे:–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उत्तर प्रदेश।
2– अपर पुलिस महानिदेशक, 1090, वूमेन पावर, लखनऊ।
3– पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय / सचिव, उ0प्र0पुलिस शिक्षा समिति, उ0प्र0।
4– अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ।
4– ऑकिक / अनुभाग अधिकारी, अनुभाग–3 मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
5– समस्त सदस्य, वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस फैमिली फेलफेयर एशोसिएशन, उ0प्र0।

Ccmail zoml PACHQ
[illegible] Dist / Bn S.O.
[illegible] DNPCIR

**श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, वामा सारथी, उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशिएशन की अध्यक्षता में दिनॉक 15.06.2019 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के सभागार में उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशिएशन को सम्पन्न हुई गोष्ठी का कार्यवृत्त**

उक्त गोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारी एवं वामा सारथी के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1- श्री राहुल श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं, मुख्यालय, लखनऊ।
2- श्रीमती पूजा सिकेरा, सचिव, वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशिएशन।
3- श्रीमती काम्या कुलकर्णी, आमन्त्रित सदस्य।
4- डा0 परवीन आजाद, विशेष कार्याधिकारी,(कल्याण)
5- श्रीमती शालिनी साहनी, विशेष कार्याधिकारी,(कल्याण)

सर्वप्रथम अध्यक्षा, वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोशिएशन द्वारा इस संस्था द्वारा अब तक किये गये कार्यों पर विचार विमर्श किया गया, विचार विमर्श के उपरान्त निम्न निर्देश निर्गत किये गये हैः-

1- समस्त जनपदों/इकाईयों/वाहिनियों में वाटर सेविंग/वाटर हारवेस्टिंग की जागरूकता हेतु कैम्प का आयोजन किया जाए जिससे वहॉ पर रहने वाले पुलिस परिवार के कर्मियों के अन्दर वाटर सेविंग की भावना का विकास हो सके और जल के व्यर्थ दोहन को बचाया जा सके।

(कार्य0समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/पीएसी वाहिनियॉ)

2- अध्यक्षा, द्वारा निर्देशित किया गया कि वामा सारथी उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशिएशन की ई-मेल आई0डी0 vamasaarthi.uppfwa@gmail.com को प्रदेश के समस्त जनपदों/इकाईयों/वाहिनियों को पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए कि भविष्य में वामा सारथी के तत्वाधान में किये गये समस्त कार्यक्रम/कार्यो की फोटोग्राफ/वीडियों मय संक्षिप्त विवरण के साथ उक्त ई-मेल आई0डी0 के माध्यम से इस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाए।

(कार्य0समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/पीएसी वाहिनियॉ)

3- वामा सारथी की ई-मेल आई0डी0 vamasaarthi.uppfwa@gmail.com प्राप्त फोटोग्राफ/वीडियों का संक्षिप्त विवरण के साथ विशेष कार्याधिकारी, कल्याण द्वारा संकलित करने के उपरान्त सचिव, वामा सारथी द्वारा स्क्रीनिंग करके उपयोगी फोटो एवं वीडियों को पुलिस की बेवसाइट के अन्तर्गत वामा सारथी के वेब पेज पर अपलोड की जायेगी।

(कार्य0विशेष कार्याधिकारी/सचिव, वामा सारथी)

4- पुलिस माडर्न स्कूल में बच्चों की संख्या बढाये जाने हेतु अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अवगत कराया गया है कि सचिव, उ0प्र0पुलिस शिक्षा समिति समस्त पुलिस माडर्न स्कूलों के उपयुक्त फोटोग्राफ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों के नाम अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं को उपलब्ध करायेंगे, तकनीकी सेवाएं इसे पुलिस बेवसाइट पर अपलोड करेंगे। तथा एफ0एम0 रेडियों से प्रसार प्रसार हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं को अधिकृत किया जाता हैं।

(कार्य0सचिव, उ0प्र0पुलिस शिक्षा समिति/अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं)

5- 38वीं वाहिनी पीएसी,अलीगढ़ में संचालित पुलिस माडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य चयन हेतु अध्यक्षा या अध्यक्षा द्वारा नामित सदस्य का नाम उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है जिस पर अध्यक्षा, वामा सारथी/उ0प्र0पुलिस परिवार कल्याण शिक्षा समिति द्वारा अवगत कराया गया है कि इस सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उ0प्र0 से उपयुक्त नाम विचार-विमर्श पश्चात उपलब्ध कराया जाए।

( अपर पुलिस महानिदेशक,पीएसी/विशेष कार्याधिकारी)

6- अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अवगत कराया गया है कि समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक अपने अधीनस्थ नियुक्त कार्मिकों को प्रत्येक 06 माह में फाइनेंसियल सेविंग के सम्बन्ध में कैम्प लगाकर सेविंग के सम्बन्ध में जागरूप करें, जिसमें योग्य प्रोफेसनलों को आमत्रित किया जाए।
नोट्-उक्त कैम्प आयोजन में किसी विशेष कम्पनी या संस्थान का प्रचार न कराया जाए।

(कार्य0समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक)

7- अध्यक्षा द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व में प्रचलित उ0प्र0पुलिस वेलफैयर एसोशिएशन के नाम से प्रचलित खाते में कितनी धनराशि उपलब्ध है तथा अब इसे वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस वेलफैयर एसोशियन के नाम से प्रचलित किया जाए। इस सम्बन्ध में चार्टेड एकाउन्टेन्ट से वार्ता कर ली जाए।

(कार्य0 ऑकिक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0)

8- अध्यक्षा द्वारा अपेक्षा की गयी है जनपद-लखनऊ में क्रेच (शिशु पालनाघर) खोले जाने के सम्बन्ध में अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ से विचार विमर्श कर आख्या प्राप्त कर ली जाए।

( कार्य0वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ/विशेष कार्याधिकारी)

9- शहीदपथ, लखनऊ पर स्थिति पुलिस मुख्यालय, भवन में महिलाओं की संख्या ज्ञात कर ली जाए जिनके छोटे बच्चे है, संख्या उपलब्ध होने पर पुलिस मुख्यालय, भवन पर क्रच (शिशु पालनाघर) खोले जाने हेतु उचित स्थान का निर्धारण कर लिया जाए।

( अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0)

10- पुलिस लाइन्स,लखनऊ में वामा सारथी शाप के लिए उचित स्थान का चयन कर लिया जाए जिसमें पुलिस परिवार द्वारा कुटिर उद्योग के अर्न्तगत तैयार किये जाने वाले सामानों की बिक्री की जाए।

(कार्य0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,लखनऊ/विशेष कार्याधिकारी, कल्याण)

11- अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अपेक्षा की गयी है कि पूर्व में 1090 में क्रेच (शिशु पालनाघर) खोला गया था अब क्रियाशील है अथवा नहीं।

(कार्य0अपर पुलिस महानिदेशक, 1090, लखनऊ)

12- अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अपेक्षा की गयी है कि अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी मुख्यालय के निर्देशन में पुलिस माडर्न स्कूल की झाँकी आगामी 26 जनवरी के अवसर पर विधान सभा (मुख्य अतिथि) के समक्ष गुजरने वाली झांकियों में सम्मिलित किया जाए।

(कार्य0अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी)

13- अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अवगत कराया गया है कि महिला थानों की एस0एच0ओ0 का सम्मेलन पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय की अध्यक्षता में अनुमोदनोंपरान्त कराया जाए।

( अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0)

14- वामा सारथी, उ0प्र0पुलिस फैमिली वेलफैयर एसोशियशन के सदस्यों द्वारा महिला थानों का भ्रमण किया जाए।

(कार्य0समस्त सदस्य वामा सारथी, उ0प्र0पु0फै0वे0एसो0)

15- अध्यक्षा, वामा सारथी द्वारा अपेक्षा की गयी है कि पुलिस बेवसाइट पर वामा सारथी, उ0प्र0पु0फैमिली वेलफैयर एसोशियन के वेब पेज में सम्मिलित किया जाए।

(अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवाएं)

16- अध्यक्षा, द्वारा सुझाव प्रस्तुत किया गया है कि पुलिस माडर्न स्कूलों में शिक्षा स्तर पर और अधिक सुधार किये जाने हेतु प्रबन्धक अपने अधीनस्थ नियुक्त कार्मिकों से(जो शिक्षा में रूचि रखता हो) पाठन कार्य कराया जा सकता है और स्वंय भी प्रत्येक कक्ष का एक पीरियड लिया जाए तथा ऐसे कामिकों की सूची उपलब्ध करायी जाए जो शिक्षण कार्य में रूचि रखते हो।

( समस्त प्रबन्धक, पुलिस माडर्न स्कूल)

17. अध्यक्षा, महोदया द्वारा ई-1/2 विज्ञानपुरी महानगर,लखनऊ में संचालित अनुभाग-12 (वेलफैयर कार्यालय/केन्द्रीय कार्यालय पुलिस माडर्न स्कूल ) को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 में रिक्त हुए उचित कार्यालय में व्यवस्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

(विशेष कार्याधिकारी, कल्याण)

पुलिस महानिदेशक के
स्टाफ आफिसर
उत्तर प्रदेश